प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 03.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज देश की पहली वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी का किया निरीक्षण, कहा– तेज यात्रा, बेहतर आराम और आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों से सुसज्जित है यह ट्रेन।
2. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के धुर्वा डैम में पर्यटक सुविधाओं का लिया जायजा, कहा– राज्य में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम।
3. झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर रांची में जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त करने का चल रहा अभियान, उपायुक्त ने कहा– जलाशयों की मूल सीमा होगी चिन्हित, संबंधित विभागों को संयुक्त रुप से अभियान चलाने का निर्देश।
4. रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कुहासा और बादल छाए रहने के साथ हवा चलने से बढ़ी कनकनी, मौसस विभाग ने ठंड को लेकर अगले तीन दिनों का जारी किया येलो अलर्ट। और
5. हजारीबाग में दो दिवसीय राज्य ओपन रैपिड चेस चैंपियनशिप की आज हुई शुरूआत, विभिन्न श्रेणियों में लगभग तीन सौ खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा।

***************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज देश की पहली वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी का निरीक्षण किया। रेल मंत्री ने कहा कि पूरी तरह से वातानुकूलित रेलगाड़ी इस महीने गुवाहाटी और कोलकाता के बीच शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की लंबी दूरी की यात्राओं में यह महत्वपूर्ण सुधार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी तेज यात्रा, बेहतर आराम और आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों से सुसज्जित है।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि राज्य में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। ऐसे में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। पर्यटक स्थलों को विकसित करने के साथ वहां सुरक्षा के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वे आज राजधानी रांची के धुर्वा डैम का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने यहां आए पर्यटकों के साथ स्थानीय दुकानदारों से बात कर जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा पर्यटन सचिव मनोज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

***************

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह जिले में इकहत्तर विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इन योजनाओं पर लगभग सवा छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि आज जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, वे सभी योजनाएं तय समय पर पूरी होंगी। उन्होंने आम लोगों से कहा कि वे इन योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें।

***************

लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा है कि हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने गुमला में कहा कि अनुसूचित क्षेत्र

में पेसा नियमावली का लागू होना एक ऐतिहासिक कदम है. इससे ग्राम सभाओं को उनका अधिकार मिलेगा, जिससे पारंपरिक सामजिक व्यवस्था मजबूत होगी।

***************

गुमला में जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत आज विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सीख से सुरक्षा और तकनीक से परिवर्तन अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में वाहन चालकों की नेत्र जांच विशेष रुप से की गई।

उधर, हजारीबाग में भी सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन उपायुक्त ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. वहीं, स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जा रही है।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा राजधानी रांची में सड़कों तथा जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भंजंत्री ने आज धुर्वा डैम का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि राजस्व नक्शे के मुताबिक जलाशयों की मूल सीमा चिन्हित की जाएगी। उपायुक्त ने संबंधित विभागों से कहा कि वे अतिक्रमण हटाने के लिए संयुक्त रुप से अभियान चलाएं।

***************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बदलता भारत मेरा अनुभव अभियान के तहत चार रचनात्मक चुनौतियों के विजेताओं की घोषणा की है। यह चुनौतियाँ माइगोव (MyGov) प्लेटफॉर्म के सहयोग से आयोजित की गई थीं। इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश में हुए बदलावों को दर्शाने वाले अपने व्यक्तिगत अनुभव और क्रिएटिव विचारों को शेयर करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

***************

राज्य में बैलेट पेपर के माध्यम से नगर निकाय चुनाव कराने के मुद्दे पर सियासी राजनीति जारी है। भाजपा के विधायक सीपी सिंह ने ईवीएम की जगह बैलेट से चुनाव कराने पर व्यापक गड़बड़ी की आशंका जताई है. उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ताधारी दल बूथों पर कब्जा करने के लिए ऐसे कर रहे हैं।

साउंड बाइट – सीपी सिंह ऑन निकाय चुनाव – 18 सेकेंड

वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

साउंड बाइट – केशव महतो कमलेश ऑन निकाय चुनाव – 13 सेकेंड

***************

आजसू ने राज्य सरकार पर हर मामले में विफल रहने का आरोप लगाया है. पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि बड़ी संख्या में युवा हमारे साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा का पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हो रहा है।

***************

रांची जिला के बुढ़मू थाना क्षेत्र मे एक युवक की हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि रुपए के लेन–देन विवाद में अपराधियों ने पिछले वर्ष तीस दिसंबर को हत्या की इस घटना को अंजाम दिया था।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कुहासा और बादल छाए रहने के साथ हल्की हवा चलने से कनकनी ठंड बढ़ गई है। पश्चिमी विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने ने न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक कनकनी ठंड जारी रहने का येलो अलर्ट जारी किया है।

***************

हजारीबाग में दो दिवसीय राज्य ओपन रैपिड चेस चैंपियनशिप की आज शुरूआत हुई। विभिन्न श्रेणियों में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में लगभग तीन सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता नौ राउंड में पूरी होगी और कल आयोजित होने वाले समापन समारोह में विजेताओं को नकद पुरस्कार समेत ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

*******समाप्त********